>

Title : Need to construct an overbridge/underbridge for pedestrian movement across N.H 75 near village Jaurasi in Gwalior Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया (ग्वालियर):मेरे संसदीय क्षेत्र् ग्वालियर के ग्राम जौरासी से राÂट्रीय राजमार्ग 75 गुजरता है। जो बहुत व्यस्त मार्गों में से एक है। ग्राम जौरासी के अधिकांश किसानों की भूमि सड़क के दोनों ओर है। जिससे पार करके ग्रामवासियों को अपनी खेती करने प्रतिदिन आना-जाना पड़ता है। इस सड़क पर यातायात का भारी दबाव है। फोर लेन सड़क निर्माण के उपरांत यातायात का दबाव और भी बढ़ गया। जिसके कारण आये दिन जौरासी ग्राम में कोई न कोई सड़क दुर्घटना घटित होती रहती है। उक्त राजमार्ग पर ग्रामीणों को आवाजाही के लिये एक ओर बृज या भूतल बृज बनाये जाने की अति आवश्यकता है। जिसकी मांग काफी समय से चल रही है। ग्राम चौरासी में एक बहुत प्राचीन हनुमान जी मंदिर है। जिसके दर्शनार्थ हजारों भक्तगण साल भर आते रहते हैं। उक्त बृज के निर्माण से भक्तगणों भी लाभान्वित हो सकते है। राÂट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ग्वालियर द्वारा बनाई जा रही इस सड़क पर ग्राम जौरासी में यदि ओवर ब्रिज/अंडर ब्रिज बना दिया जाये तो ग्रामीणों को एवं क्षेत्र् के प्रसिद्ध जौरासी हनुमान मंदिर पर आने वाले दर्शनार्थियों को रोड पार करने में सुविधा होगी।